<u>ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल</u>

No: UA/2019/63 **12.01.2019**

परिपत्र (Circular)

प्रति

सभी महासचिव,
AUAB.

समयबद्ध वार्तालाप हेतु गठित कमिटी (Committee for Periodic Interaction) की मीटिंग व AUAB और एडिशनल सेक्रेटरी के मध्य हुई मीटिंग

समयबद्ध वार्तालाप हेतु गठित कमिटी (संस्थागत तंत्र) की मीटिंग संचार भवन में 10.01.2019 को सम्पन्न हुई। AUAB की ओर से कॉम पी अभिमन्यु, GS, BSNLEU व Convenor, कॉम चंदेश्वर सिंह, GS, NFTE व Chairman, कॉम के सेबेस्टिन, GS, SNEA और कॉम प्रहलाद राय, GS, AIBSNLEA ने शिरकत की। श्री आर के खंडेलवाल, Joint Secretary (Admn.), श्री एस के जैन, DDG(Estt.), श्री राजीव कुमार DDG(Budget), श्री संजय अग्रवाल, Director (Estt.) और श्री पवन गुप्ता, Director (PSU), डॉट की ओरसे शामिल हुए। श्री पी के सिन्हा, Advisor (Finance), DoT, जो कमिटी के सदस्य हैं, शामिल नही हुए। श्रीमती सुजाता टी रे, Director(HR) और श्री ए एम गुप्ता, GM(SR) ने BSNL का प्रतिनिधित्व किया।

शायद यह सभी को याद होगा कि AUAB ने बहुत पुख्ता तरीके से यह मांग की थी कि कमिटी के चेयरमैन एडिशनल सेक्रेटरी ही होना चाहिए, और यदि जॉइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारी अध्यक्षता करते हैं तो मीटिंग के परिणाम शून्य होंगे। जो कुछ भी हमने कहा था, वह सही साबित भी हुआ। सेक्रेटरी (Admn.) और DDG(Estt.) 3rd PRC, 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन, वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान और पेंशन रिवीजन जैसे विभिन्न मुद्दों की वर्तमान स्थिति बाबद किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी देने में असमर्थ थे। दोनों ही अधिकारियों का हमारे मुद्दों के प्रति नकारात्मक रवैया रहा। इस मीटिंग में उल्लेखनीय नतीजे सामने नही आए।

अतः इस मीटिंग के बाद AUAB के लीडर्स ने श्री अंशु प्रकाश, एडिशनल सेक्रेटरी से मिल कर मीटिंग के परिणामों के प्रति अपना पूर्ण असंतोष व्यक्त किया। इस दौरान श्री आर के खंडेलवाल, Joint Secretary (Admn.), श्री पवन गुप्ता, Director (PSU), श्रीमती सुजाता रे, Director (HR) और श्री ए एम गुप्ता, GM(SR) भी उपस्थित थे। इसके बाद हमारी डिमांड्स पर एडिशनल सेक्रेटरी के साथ विस्तार से चर्चा हुई।

3rd पे रिवीजन:
विस्तृत रूप से चर्चा हुई। एडिशनल सेक्रेटरी ने कहा DoT, 3rd पे रिवीजन का निराकरण करने के लिए तैयार है। किंतु उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 15% फिटमेंट के साथ DoT के लिए कैबिनेट का अनुमोदन प्राप्त करना बेहद मुश्किल होगा। बीएसएनएल की वित्तीय स्थिति इतनी अधिक सैलरी भुगतान की अनुमति नही देती है। उन्होंने AUAB और बीएसएनएल मैनेजमेंट से अनुरोध किया कि वे इस पर पुनः विचार करें और अगले सप्ताह उनसे पुनः मिले, जिससे कि अन्य मंत्रालय भी सहमत हो सकें। डायरेक्टर (एच आर) ने कहा कि वें इस संबंध में शीघ्र ही AUAB से निगोशिएशन शुरू करेंगी।

बीएसएनएल के लिए 4G स्पेक्ट्रम:
बीएसएनएल को 4G स्पेक्ट्रम के आवंटन के संबंध में एडिशनल सेक्रेटरी ने बेहद विश्वास के साथ कहा कि बीएसएनएल को 4G स्पेक्ट्रम के आवंटन हेतु कैबिनेट के अनुमोदन के लिए DoT द्वारा पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि फरवरी

2019 के प्रथम सप्ताह में टेलीकॉम कमीशन की मीटिंग में इस हेतु आवश्यक अनुमति प्राप्त हो जावेगी और तत्पश्चात यह प्रस्ताव केबिनेट के को आवश्यक अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा।

वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान:

वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन के भुगतान के संबंध में एडिशनल सेक्रेटरी ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेंडिचर ने कुछ स्पष्टीकरण चाहें हैं और इस संबंध में DoT द्वारा बीएसएनएल को लिखा जा चुका है। डायरेक्टर (एच आर) ने कहा कि बीएसएनएल द्वारा 1-2 दिन में स्पष्टीकरण डॉट को भेज दिया जाएगा। एडिशनल सेक्रेटरी ने आश्वस्त किया कि इसके बाद DoE के अनुमोदन हेतु तत्परता से कार्यवाही की जाएगी।

पेंशन रिवीजन:

इस मुद्दे पर AUAB ने असंतोष व्यक्त करते हूए मांग की कि DoT द्वारा इस प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही की जाए। इसके बाद फिटमेंट आदि को ले कर विस्तृत चर्चा हूई। अंत मे एडिशनल सेक्रेटरी ने डायरेक्टर (एच आर) से अनुरोध किया कि बीएसएनएल के गठन के समय बीएसएनएल कर्मियों को पेंशन भुगतान से संबंधित जारी किए गए डाक्यूमेंट्स उन्हें उपलब्ध कराएं।

2nd PRC के शेष मुद्दे :

डायरेक्टर (एच आर) ने बताया कि डायरेक्टली रिक्रूट कर्मचारियों के पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन में वृद्धि करने हेतु AUAB और CMD BSNL के बीच सहमति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि 02.12.2018 को AUAB और CMD BSNL के मध्य हुई वार्ता का ब्यौरा शीघ्र जारी किया जाएगा।

अगले सप्ताह AUAB और एडिशनल सेक्रेटरी के बीच पुनः मीटिंग होगी।

धन्यवाद।

भवदीय,

कॉम चन्देश्वर सिंह
चेयरमैन, AUAB

कॉम पी.अभिमन्यु,
कन्वेनर, AUAB